7th

पाठ 13
संधि और समास

1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो —

प्र०क- संधि से आप क्या समझते हैं? यह कितने प्रकार की होती है?

उ०- दो वर्णों या ध्वनियों के संयोग से होने वाले विकार को संधि कहते हैं। संधि तीन प्रकार की होती है —
(1) स्वर संधि
(2) व्यंजन संधि
(3) विसर्ग संधि

प्र०ख- दीर्घ संधि की परिभाषा लिखकर उदाहरण भी लिखो।

उ०- यदि ह्रस्व ('अ', 'इ', 'उ') या दीर्घ ('आ', 'ई', 'ऊ') स्वर के बाद समान स्वर हो आए तो दोनों मिलकर सवर्ण दीर्घ अर्थात 'आ', 'ई', 'ऊ' हो जाते हैं। जैसे — मत + अनुसार = मतानुसार

प्र०ग- व्यंजन संधि की परिभाषा लिखो और उदाहरण भी लिखो।

उ०- यदि पहले शब्द के अंत में व्यंजन हो और दूसरे शब्द के आदि में व्यंजन या स्वर हो तो इससे जो मेल होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं। जैसे — दिक् + दर्शन = दिग्दर्शन

प्र०घ- समास किसे कहते है? इसके कितने भेद होते हैं?

उ०- आपस में संबंध रखने वाले दो या दो से अधिक

पदों के मेल को समास कहते है। जैसे-
प्रत्येक दिन = प्रतिदिन ।

प्र०5:- द्विगु और द्वंद्व समास में क्या अंतर है? समझाकर लिखो।

उ०- जिस समास में पूर्व पद संख्यावाची विशेषण हो तथा समस्त पद से समुदाय को बोध हो, वहाँ द्विगु समास होता है और जिस समास में दोनों पद प्रधान हों, दोनों पदों के बीच प्रायः सामासिक चिह्न (-) लगा रहता है तथा विग्रह करने पर 'और' या 'एवं' लगाना पड़ता है, उसे द्वंद्व समास कहते है।

उदाहरण -
द्विगु समास - दोपहरों का समूह - दोपहर
द्वंद्व समास - रात और दिन - रात-दिन

2. निम्नलिखित संधि-पदों के उचित विग्रह वाले विकल्प पर (✓) का निशान लगाओ–

(क) मतानुसार = (i) मता + अनुसार ☐ (ii) मत + अनुसार ☑

(ख) दीक्षांत = (i) दीक्षा + अंत ☑ (ii) दीक्ष + आंत ☐

(ग) वधूत्सव = (i) वधु + ऊत्सव ☐ (ii) वधू + उत्सव ☑

(घ) मतैक्य = (i) मत + ऐक्य ☑ (ii) मत + एक्य ☐

(ङ) स्वागत = (i) स्वा + गत ☐ (ii) सु + आगत ☑

3. निम्नलिखित शब्दों की संधि करो–

(क) नर + उत्तम = नरोत्तम (ग) तथा + एव = तथैव

(ख) पो + अन = पवन (घ) दिक् + दर्शन = दिग्दर्शन

4. निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करो–

(क) गगनचुंबी गगन को चूमनेवाली (ग) त्रिगुण तीन गुणों का समूह

(ख) गंगाजल गंगा का जल (घ) सुख-दुख सुख और दुख

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) 'त्रिभुवन' उदाहरण है–

(अ) द्विगु समास ☑ (ब) द्वंद्व समास ☐ (स) तत्पुरुष समास ☐

(ख) तत्पुरुष समास का उदाहरण है–

(अ) त्रिभुज ☐ (ब) त्रिलोचन ☐ (स) शरणागत ☑

(ग) 'यथार्थ' उदाहरण है–

(अ) दीर्घ संधि ☑ (ब) अयादि संधि ☐ (स) गुण संधि ☐

7th

पाठ 14
उपसर्ग और प्रत्यय

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो —

प्र०क — उपसर्ग की परिभाषा लिखकर उदाहरण भी दो।

उ० — जो शब्दांश किसी शब्द के पहले जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तन उत्पन्न कर देते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं। जैसे - प्र, परा, अप, सम आदि

प्र०ख — हिंदी में कितने प्रकार के उपसर्ग प्रयोग किए जाते हैं? सभी के दो-दो उदाहरण लिखो।

उ० — हिंदी भाषा में चार प्रकार के उपसर्गों का प्रयोग किया जाता है

1) संस्कृत के उपसर्ग — परा - पराक्रम, अप - अपंग
2) हिन्दी के उपसर्ग — सु - सुमार्ग, भर - भरपेट
3) अरबी/फारसी के उपसर्ग - ना - नालायक, बा - बाइलाज
4) उपसर्ग की तरह प्रयुक्त अव्यय — बहिः - बहिष्कार
अलम् - अलंकार

प्र०ग — प्रत्यय किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं?

उ० — प्रत्यय वे शब्दांश हैं जो किसी शब्द या धात के पीछे लगकर कोई नया अर्थ बना देते है। प्रत्यय के दो भेद होते हैं —

1. कृत प्रत्यय
2. तद्धित प्रत्यय

प्र०घ — कृत प्रत्यय और तद्धित प्रत्यय में क्या अंतर

है ? उदाहरण सहित लिखो।

उ०- जो शब्दांश क्रियाओं के अंत में लगकर नए शब्द की रचना करते हैं, उन्हें कृत् प्रत्यय कहते हैं। ये कृदंत भी कहलाते हैं। तथा जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के अंत में जुड़कर नए शब्द का निर्माण करते हैं, उन्हें तद्धित प्रत्यय कहते हैं।

उदाहरण -

कृत् प्रत्यय - अक - लेखक

तद्धित प्रत्यय - पन - बचपन

पाठ 15
विराम चिह्न

प्र० क- विराम चिह्न किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाओ।

उ०- मनुष्य बातचीत करते समय वाक्य के अंत में या बीच में भी रुकता है; इसे 'विराम' कहते हैं। लिखते समय इन विराम के स्थानों को जिन चिह्नों द्वारा प्रकट किया जाता है, उन्हें विराम चिह्न कहते हैं। जैसे -

राम, मोहन और मैं आज बाजार जाएँगे।

क्या तुम भी हमारे साथ चलोगे ?

उपर्युक्त वाक्यों में (,), (।), (?) विराम चिह्न हैं।

प्र.ख- निर्देशक चिह्न का प्रयोग कहाँ किया जाता है? उदाहरण देकर समझाओ।

उ:- निर्देश देने के लिए निर्देशक चिह्न का प्रयोग किया जाता है। जैसे – इन्दिरा गाँधी ने कहा था – "इंदिरा जी की अंतिम इच्छा, बूँद - बूँद से देश की रक्षा।" यहाँ पर (—) निर्देशक चिह्न है।

2. उपसर्ग की भिन्नता वाले विकल्प को चुनो–

(क) (i) अनुकंपा ☐ (ii) अग्रज ☑ (iii) अनुताप ☐

(ख) (i) अकथनीय ☐ (ii) अनित्य ☐ (iii) अनभिज्ञ ☑

(ग) (i) निवेदन ☐ (ii) निराकार ☑ (iii) निषेध ☐

(घ) (i) अपकर्ष ☑ (ii) आकर्षण ☐ (iii) आकृष्ट ☐

(ङ) (i) निस्तेज ☐ (ii) निस्संदेह ☐ (iii) निर्जीव ☑

3. निम्नलिखित प्रत्ययों का प्रयोग करके दो-दो शब्दों का निर्माण करो–

(क) वाला धोनेवाला देनेवाला

(ख) गर कारीगर जादूगर

(ग) आहट घबराहट झटपटाहट

(घ) आपा बुढ़ापा मोटापा

(ङ) आई चतुराई ऊँचाई

4. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) प्रत्यय कितने प्रकार के होते हैं?

(अ) दो ☑ (ब) तीन ☐ (स) चार ☐

(ख) वे प्रत्यय जिनके लगाने से क्रिया के साधन का बोध हो–

(अ) कर्तृवाचक ☐ (ब) कर्मवाचक ☐ (स) करणवाचक ☑

(ग) जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम अथवा विशेषण के अंत में जुड़कर नए शब्दों का निर्माण करते हैं, वे कहलाते हैं–

(अ) कृत् प्रत्यय ☐ (ब) तद्धित प्रत्यय ☑ (स) उपसर्ग ☐

(क) विराम चिह्न किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स

(ख) निर्देशक चिह्न का प्रयोग कहाँ किया जाता है? उदाहरण देकर समझाओ।

2. निम्नलिखित विराम के चिह्न बताओ–

(क) कोष्ठक चिह्न ( )

(ख) योजक चिह्न –

(ग) लाघव चिह्न o

(घ) उद्धरण चिह्न " "

(ङ) हंसपद चिह्न ^

3. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाओ–

(क) व्यायाम कसरत या एक्सरसाइज सभी का एक ही अर्थ है।

(ख) मानव जीवन के लिए खेल-कूद का बहुत महत्त्व है।

(ग) शाबाश ऐसे ही उन्नति करते रहो।

(घ) सुभाषचंद्र बोस ने कहा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा।

(ङ) मोहन आज रात की बस से अपने गाँव जाएगा।